**खबर संक्षेप**

## भौम पुष्य प्रवर्ध योग में किया पूजन



**मण्डला।** मंगलवार को भौम पुष्य प्रवर्ध योग के पावन संयोग पर जिला पंचायत के सामने स्थित दक्षिणमुखी हनुमान में विशेष पूजन-अर्चन और हवन का आयोजन किया गया। यज्ञाचार्य नीलू महाराज के आचार्यत्व में यह धार्मिक अनुष्ठान विधि विधानपूर्वक सम्पन्न हुआ यज्ञाचार्य नीलू महाराज ने बताया कि जब मंगलवार को पुष्य नक्षत्र और प्रवर्ध योग का संयोग बनता है तब इसे भौम पुष्य प्रवर्ध योग कहा जाता है। यह योग हनुमान उपासना के लिए अत्यंत शुभ और फलदायी माना गया है। यह योग पूरे दिन से लेकर रात्रि तक विद्यमान रहा यहां पर हनुमान जी का चोला चढ़ाया गया और लड्डुओं से अर्चन किया गया। साथ ही पंचमेवा, गूगल, मंजरी आदि औषधीय सामग्रियों से अन्न रहित हवन किया गया। भक्तों ने बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया। पूजन हवन में सुधीर कांसकार ने मुख्य यजमान के रूप में भाग लिया। मंदिर परिसर में भक्तों की उपस्थिति के बीच मंगल ध्वनि और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। भक्तों का मानना है कि इस विशेष योग में हनुमान जी की उपासना करने से संकटों का नाश होता है और जीवन में बल बुद्धि व सफलता की प्राप्ति होती है।

### पिछले 7 माह से परेशान हो रहे आने-जाने वाले

# जब बनानी नहीं तो क्यों खोद दी सड़क





*** वाहन हो रहे खराब, स्थानीय लोगों पर बीमारी का बढ़ा खतरा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

किसी भी तरह के नये निर्माण को लेकर उसकी पूरी योजना तैयार की जाती है एक छोटा सा मकान भी बनाना हो तो पहले लेआउट तैयार किया जाता है, सामग्री कौन सी लगानी है इसकी व्यवस्था की जाती है, पहले क्या काम होगा उसके बाद कौन सा काम किया जायेगा इसकी पूरी श्रृंखला तैयार होती है फिर कहीं जाकर कार्य प्रारंभ किया जाता है और यही प्रक्रिया दूसरे बड़े निर्माण कार्यो के लिये भी अपनाई जाती है। थोड़ा बहुत फेर बदल निर्माण की प्रकृति को देखते हुये हो सकता है लेकिन काम तो योजना अनुसार ही किया जाता है।

इसी तरह से माने कि बड़े-बड़े हाइवे एवं एक्सप्रेसवे, फ्लाईओवर जो बनाये जा रहे हैं वे भी इसी योजना के तहत तैयारी के बाद बनाये जा रहे हैं इस पूरे निर्माण के दौरान यह भी निर्धारित किया जाता है कि निर्माण के दौरान लोगों का जनजीवन प्रभावित न हो, लोगों की नित्य दिनचर्या में कहीं भी रूकावट न आये इसका पूरा ध्यान रखा जाता है यदि कोई रास्ता बंद करना जरूरी होता है तो पहले वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जाता है निर्माण कार्य के पूरे पायदान तैयार किये जाते हैं उसी के अनुसार निर्माण कार्य किया जाता है।

पिछले 02 वर्षो से मण्डला से डिण्डौरी के बीच सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है यह निर्माण कार्य डिण्डौरी अमरकंटक की ओर से प्रारंभ किया गया उस ओर से निर्माण जहां तक डिण्डौरी जिले की सीमा पड़ती है काम संतोषजनक हुआ काम की गुणवत्ता भी मानक अनुसार दिखाई दी लेकिन जैसे ही मण्डला जिले की सीमा प्रारंभ हुई काम की गति मंद पड़ गई गुणवत्ता को लेकर भी प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं सड़क के किनारे जो बड़ी-बड़ी नालियाँ बनाई गई उनमें टूट-फूट दिखाई देने लगी है। पौड़ी से मण्डला वायपास तक के काम को लेकर तो निर्माण एजेंसी की प्रतिष्ठा भी दांव पर लग चुकी है यह 25 किलोमीटर का सड़क निर्माण पिछले 01 वर्ष से जारी है लेकिन अभी तक इस मार्ग में आने वाली पुलिया ही पूरी तरह नहीं बन पाई है जब पुलिया ही नहीं बनी तो सड़क कैसें बनेगी।

इसके अलावा सड़क जहां तक बनी है दोनों ओर उसको लेकर भी असमंजस्य की स्थिति बनी हुई है सड़क किनारे रहने वाले एवं व्यवसाय करने वाले पिछले 02 वर्षो से दहशत में जी रहे हैं कि सड़क निर्माण के दौरान कौन सा उनके दुकान या मकान का हिस्सा सड़क निर्माण की भेंट चढ़ जायेगा कुछ स्थानों पर तो ऐसे ही उदाहरण सामने आये हैं जब पैसों के आधार पर सड़क की दिशा में फेरबदल किया गया है।

पिछले दिनों किसी सड़क निर्माण कार्य के समय निर्माण एजेंसी की मशीन के द्वारा 02 विद्युत पोलों को ठोकर मार दी गई इसमें से 01 पोल तो टूटकर जमींन पर धराशायी हो गया और उसमें लगे विद्युत के तार भी जमींन में गिर गये वह तो गनीमत थी कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई लेकिन इसके बावजूद सड़क निर्माण कंपनी की दादागिरी देखिये विद्युत पोल टूटने एवं तार टूटने से विद्युत सप्लाई बंद हो गई आनन-फानन में विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने नुकसान की भरपाई करने को कहा ताकि विद्युत सप्लाई बहाल की जा सके। लेकिन काम करा रहे सुपरवाईजर ने कहा कि हमारे अधिकारी बोल रहे हैं वे स्वयं विद्युत पोल लगवा देंगे एवं तार खिचवा देंगे और हुआ यह कि पोल टूटने के 06 घंटे बाद भी न तो विद्युत पोल लगे और न ही तारों को जोड़ा गया। 06 घंटे से विद्युत सप्लाई बंद रहने पर लोगों ने विद्युत विभाग को आड़े हाथो लिया थक हारकर विद्युत विभाग ने सड़क निर्माण कंपनी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की बात कहते हुये स्वयं सुधार कार्य किया और विद्युत सप्लाई रात्रि में प्रारंभ हो सकी।



शौर्य भूमि

निर्माण कार्य में लगी मशीन ने तोड़े विद्युत पोल और तार

## नगर परिषद बिछिया के कांग्रेस पार्षद दल ने विशेष सम्मेलन का किया बहिष्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

बिछिया नगर परिषद में अभी बिछिया स्टैंड में पंचायत काल से स्थित 148 दुकानों को तोड़ने का मुद्दा गरमाया हुआ है और यह मुद्दा तब और अधिक गरमा गया जब नगर परिषद कांग्रेस दल के लोगों ने बैठक का बहिर्गमन कर दिया। इन्होंने व्यापारियों के पक्ष में यह बहिष्कार किया साथ ही कांग्रेस पार्षद दल का आरोप था कि यह विशेष सम्मेलन नियम विरुद्ध किया गया। बहिष्कार करने वालों में नगर परिषद के उपाध्यक्ष रानू राजपूत, विकास गवले, नरेंद्र उईके नारायणी साहू, त्रिवेणी तेकाम राजकुमारी धुर्वे शामिल रहे।

नगर परिषद के उपाध्यक्ष रानू रणधीर सिंह राजपूत ने बताया कि यह मामला औचित्यहीन है और जब उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है तो इस मामले में कुछ भी करना न्यायोचित नहीं है।

इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक विधायक नारायण सिंह पट्टा ने सरकार से मांग किया है कि जो नगर परिषद क्षेत्र बिछिया के जो 148 चिन्हांकित व्यापारी हैं जिनको हटाया जा है। उनसे प्रीमियम भुगतान करने की शर्त पर दुकान पर यथावत रहने की बात कही जा रही है तो मैं यह मांग करता हूं कि पिछले 12 साल से भाजपा की परिषद है सरकार भाजपा की है यहां पर 75% प्रीमियम राशि शासन वहन करे तब हम व्यापारी लोगों से 25% प्रीमियम राशि वहन करने की अपेक्षा कर सकते हैं।

## जनजातीय गौरव दिवसः जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मण्डला।** बिरसामुंडा जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस 15 नबम्बर के संबंध में जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न अंचलों में जागरूकता रथ पहुंचेंगे। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह और एस.डी.एम. मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम ने बिछिया क्षेत्र के रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन बिछिया विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को इस महत्वपूर्ण दिवस के बारे में जागरूक करेगा और उन्हें कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा। इस दौरान श्री विनय मिश्रा, सहायक संचालक जनजातीय कार्य श्री रंजीत गुप्ता सहित संबंधित उपस्थित थे।

## सीईओ जिला पंचायत शास्वत सिंह मीना ने किया खेत तालाबों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना ने मंगलवार को बीजाडांडी के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों और जल संरक्षण के कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ श्री मीना ग्राम रमतिला पहुंचकर जल संरक्षण के प्रयासों के तहत निर्मित खेत तालाबों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने श्रीमती रंजना गौठरिया और श्री जिंदल सिंह के खेतों में बने तालाबों का मुआयना किया और उनकी उपयोगिता पर किसानों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक बगिया मां के नाम योजनांतर्गत हितग्राही श्रीमती रंजना गौठरिया के खेत में पौधारोपण किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती बासंती दुबे, पीओ मनरेगा श्रीमती ऋतु तिवारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### स्व सहायता समूहों की बहनों से किया संवाद

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बीजाडांडी जनपद पंचायत के धनवाही ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। उसके पश्चात आजीविका ग्राम संगठन की दीदियों से समूह ग्राम संगठन द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी ली। जिसमें प्रकृति खेती के विषय पर कृषि सखी दीदियों द्वारा जैविक खाद उसके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं की आजीविका गतिविधि मुर्गी पालन का मूल्यांकन कर मनरेगा से मुर्गी शेड हेतु आवश्यक निर्देश एपीओ को दिए गए। ग्राम पंचायत मानिकसरा में प्रधानमंत्री सिंचाई योजना वाटर शेड द्वारा किए गए कार्यों का निरीक्षण किया गया।

## मण्डला पुलिस थाना कोतवाली ने किया चोरी की मोटर साइकिल गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



त्यौहारों एवं विसर्जन के दौरान चोरी हुईं 07 मोटर साइकिल जप्त पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की मोटर सायकिल गैंग का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है।

दिनांक 10.11.2025 को मुखबिर सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा संदिग्धो को पकड़ा गया। सख्ती से पूछताछ में आरोपियों ने मंडला एवं आसपास के क्षेत्रों से मोटर सायकिलें चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 07 चोरी की मोटर साइकिलें बरामद कीं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 3,50,000/- है।

आरोपियों में ऋषि यादव पुत्र महेन्द्र यादव, उम्र 20 वर्ष, निवासी तिलक वार्ड, मंडला। ईशान खान पुत्र रज्जाक खान, उम्र 21 वर्ष, निवासी तिलक वार्ड, मंडला। 3. फरदीन खान पुत्र अहसान खान, उम्र 23 वर्ष, निवासी जेल घाट, मंडला।

बरामद 07 मोटर साइकिलें 1. हीरो ग्लैमर MP51 MF 9043, 2. हीरो स्प्लेंडर MP51 MC 7286, 3. हीरो सीडी डिलक्स MP51 MH 5036, 4. होंडा शाइन MP22 MN 0366, 5. हीरो एचएफ डिलक्स MP20 MY 1086, 6. हीरो फैशन प्रो MP51 MF 8147, 7. हीरो स्प्लेंडर MP51 ZA 8847, जप्ती का कुल मूल्यः लगभग 3,50,000/- है।

निरीक्षक शफीक खान (थाना प्रभारी), उनि सकरू सिंह धुर्वे, सउनि भूमेश्वर वामनकर, सउनि नीरज मिश्रा, प्रधान आरक्षक पूरन इडपाचे, आरक्षक रमेश,प्रियांस,मृदुल पटैल,धीरेन्द्र ,संदीप परते, रज्जन, मधुर, दिनेश, जगदीश का सराहनीय योगदान रहा।

**आयोजन** | **इण्डोर स्टेडियम में होगा रंगारंग आयोजन।**

# 14 को होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

*** केबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके एवं सांसद कुलस्ते होंगे मुख्य अतिथि।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मागदर्शन में 14 नवम्बर 2025 को इण्डोर स्टेडियम में केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते जी के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय युवा उत्सव का रंगारग आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय युवा उत्सव में निम्नलिखित 07 विधाओं में जिले के युवा अपनी कला का प्रदर्षन करेंगे। विधाओं का विवरण इस प्रकार है- भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, विज्ञान मेला प्रदर्षनी और समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का उद्घाटन दोपहर 12 बजे किया जावेगा, इस कार्यक्रम में नवीन कबड्डी मैट का भी उद्घाटन किया जावेगा। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की है, जिसमें खेल और युवा कल्याण विभाग नोडल विभाग रहेगा, स्कूल षिक्षा, उच्च षिक्षा, तकनीकी षिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र, सांस्कृतिक विभाग, जनजातीय कार्य विभाग जिला स्तरीय समिति में शामिल है। इस आयोजन से चयनित मण्डला के सर्वश्रेष्ठ युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर जाने का मौका मिलेगा।

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी मण्डला विकास खराड़कर ने अवगत कराया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव से चयनित युवा संभाग स्तरीय युवा उत्सव में दिनांक 15 नवम्बर 2025 को जबलपुर में प्रतिभागिता करेंगे। राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 16 नवम्बर 2025 को भोपाल में और 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय युवा उत्सव नई दिल्ली में होना है। इस बार युवा उत्सव का आयोजन सांस्कृतिक और नवाचार थीम पर किया जा रहा है।

यह युवा उत्सव युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है अपनी प्रतिभा दिखाने का, चयनित युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर माननीय प्रधानमंत्री जी के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सकता है। मण्डला जिले में प्रतिभाओं की कमी नही है। सर्वश्रेष्ठ युवाओं को चयनित करने के लिए अनुभवी निर्णायकों की भी व्यवस्था की गई है।




युवा उत्सव में भाग लेने वाले युवाओं की आयु सीमा 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। युवा उत्सव में आयोजित की जाने वाली विधाओं का विस्तृत विवरण इस प्रकार है-

### भाषण

विषय- भारत में आपातकालीन अवधि और संविधान का उल्लंघन और लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्या की सुरक्षा, भाषण प्रतियोगिता हेतु समय 07 मिनट निर्धारित है। प्रत्येक प्रतिभागी को हिंदी और अंग्रेजी में भाषण देने की स्वतंत्रता है। इस हेतु अनुभवी निर्णायक कुल 100 अंक में से प्रदर्षन के आधार पर मार्किंग करेंगे।

### कहानी लेखन

कहानी लेखन के लिए प्रत्येक प्रतिभागी को 60मिनट का समय दिया जावेगा, उन्हे कुल 1000 शब्दों में कहानी लेखन करना है। इस हेतु अनुभवी निर्णायक कुल 100 अंक में से प्रदर्शन के आधार पर मार्किंग करेंगे।

### कविता लेखन

कविता लेखन के लिए 90मिनट का समय दिया जावेगा। प्रतिभागी को हिंदी और अंग्रेजी में कविता लेखन की स्वतंत्रता है। इस हेतु अनुभवी निर्णायक कुल 100 अंक में से प्रदर्षन के आधार पर मार्किंग करेंगे।

### पेंटिंग

पेंटिंग प्रतियोगिता का शीर्षक नषा मुक्त युवा और स्वस्थ्य जीवनषैली के लिए युवा निर्धारित किया है। प्रत्येक प्रतिभागी को 90मिनट का समय मिलेगा, उन्हें ए3 साइज पेपर पर पेंसिल, एक्रेलिक, वाटर और क्रेयॉन कलर उपयोग करने की स्वतंत्रता है। इस हेतु अनुभवी निर्णायकगण कुल 100 अंक में से प्रदर्षन के आधार पर मार्किंग करेंगे।

### विज्ञान मेला प्रदर्शनी

विज्ञान मेले के लिए इनोवेषन ट्रेक थीम पर आयोजित किया जावेगा। युवाओं को इस हेतु निर्णायकगण कुल 100 अंक में से प्रदर्षन के आधार पर मार्किंग करेंगे।

### समूह लोकगीत

समूह लोकगीत में कुल प्रतिभागियों की संख्या 10 निर्धारित की गई है। जिसमें संगतकार भी शामिल है। मौलिक लोकगीत के मंचन हेतु रिकार्डडेट टैप और म्यूजिक निषेध है। कलाकारों को लाईव गीत और संगीत का प्रदर्शन करना होगा। इस हेतु निर्णायकगण कुल 100 अंक में से प्रदर्षन के आधार पर मार्किंग करेंगे।

### समूह लोकनृत्य

समूह लोकनृत्य में कुल प्रतिभागियों की संख्या 10 निर्धारित की गई है। जिसमें संगतकार भी शामिल है। मौलिक लोकगीत के मंचन हेतु रिकार्डडेट टैप और म्यूजिक निषेध है। कलाकारों को लाईव गीत और संगीत की थापर पर नृत्य का प्रदर्षन करना होगा। इस हेतु निर्णायकगण कुल 100 अंक में से प्रदर्षन के आधार पर मार्किंग करेंगे।

## अंधेरे में डूबा महात्मा गांधी स्टेडियम

*** खिलाड़ियों के सपनों पर भारी पड़ी लापरवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

**जिले का एकमात्र खेल मैदान महात्मा गांधी स्टेडियम आज अपनी बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। कभी खिलाड़ियों की ऊर्जा और उत्साह से गुलजार रहने वाला यह मैदान अब अंधेरे और अव्यवस्था का शिकार बन चुका है।**



स्टेडियम के चारों ओर रात्रि में प्रकाश के लिए लगाई गई लाइटें ज्यादातर बंद पड़ी हैं केवल एक-दो लाइटें ही चालू हैं। खिलाड़ियों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग को जानकारी दी गई, लेकिन आज तक कोई सुधार नहीं हुआ। रात में टहलने और अभ्यास करने आने वालों को अंधेरे में परेशानी झेलनी पड़ रही है। मैदान के किनारों पर गाजर घास और जंगली झाड़ियां इतनी घनी उग आई हैं कि गेंद तक दिखाई नहीं देती। इससे जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना हुआ है। वहीं, बाउंड्री वॉल से लगे कुछ मकान स्टेडियम की ओर गंदा पानी छोड़ रहे हैं, जिससे मैदान की स्थिति और खराब हो रही है। रूपेश इसरानी (सेव स्टेडियम ग्रुप) ने कहा कि "महात्मा गांधी स्टेडियम केवल खिलाड़ियों का मैदान नहीं, बल्कि जिले की पहचान है। अगर इसे ही नजरअंदाज किया गया तो आने वाली पीढ़ियों के पास खेलने की जगह नहीं बचेगी। प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।" समीर बाजपेई (क्रिकेट कोच) ने कहा कि "अंधेरे और अव्यवस्था के कारण शाम के समय अभ्यास करना मुश्किल हो गया है। खिलाड़ियों का मनोबल टूट रहा है। अगर सुविधाएं नहीं सुधरीं, तो खेल प्रतिभाएं धीरे-धीरे यहां से गायब हो जाएंगी।"

सवाल यह है कि आखिर कब जागेगा संबंधित विभाग और कब लौटेगी महात्मा गांधी स्टेडियम में फिर से रौनक?

## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद को लेकर धोखेड़ा में हुआ दो पक्षों के बीच विवाद, महिला सहित आधा दर्जन घायल



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां जमीन सदा ही अमर जमर बनी रहती है। मगर उसको लेकर जिस तरह लोग एक दूसरे के दुश्मन बनकर मारपीट करने पर उतारू हो जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ पलोहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धोखेड़ा में देखने मिली है। बताया जाता है कि जमीन की बात को लेर गुर्जर समाज के दो पक्षों के बीच विवाद होने के चलते दोनों पक्षों में जमकर मारपीट होने के दौरान एक पक्ष से महिला सहित पांच लोग घायल हुये है तो दूसरी ओर एक पक्ष से एक व्यक्ति को चोटे पहुंचने की खबर है। वही घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पलोहा पुलिस ने पहुंचकर जहां सभी घायलों को उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा ला गया। घायलों में कुछ लोगों को जिला चिकित्सालय हेतु रेफर किया गया है। वही घटना को लेकर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की शिकायतों के चलते काउन्टर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### चीचली पुलिस द्वारा पलेरा में कच्ची शराब पकड़ते हुये किया लहान नष्ट

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** इस समय क्षेत्र में जहां गांव गांव देशी शराब का विक्रय खुलेआम होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर लोगों द्वारा कच्ची शराब का निर्माण करने में पीछे नही देखे जा रहे है। इस तरह लगातार बढ़ रहे शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में चीचली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम पलेरा में छापा डालते हुये वही के निवासी राजीव मेहरा नामक व्यक्ति के पास से लगभग 60 लीटर कच्ची शराब जप्त करते हुये 300 किलों ग्राम महुआ लहान नष्ट करते हुये आरोपी के खिलाफ 34 आवकारी एक्ट के मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया है। इस कार्यवाही में मुख्य रूप से थाना प्रभारी बलवीर सिंह चौधरी, उनि अमित गोंटिया, आरक्षक मोहित यादव, आरक्षक सुनील, महिला आरक्षक सोनम शामिल थें।

### विक्रम शर्मा बने राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता हेतु दल प्रबंधक

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में आयोजित होने वाली आयोजन के चलते कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशों के परिपालन में विक्रम शर्मा प्राथमिक शिक्षक शासकीय कन्या नवीन विद्यालय गाडरवारा को आगामी 13 नवंबर से 17 नवंबर तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता के मप्र के प्रतिभागियों हेतु दल प्रबंधक का दायित्व सौपा गया है। ज्ञात हो कि शर्मा गाडरवारा में आयोजित राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश के 24 प्रतिभागियों की उपस्थिति सहित एवं उससे संबंधित विभिन्न उत्तरदायित्व निभाएंगे।

### लोक शिक्षण संचालनालय ने नियुक्त किये ऑफिशियल्स

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के पुराने कॉलेज मैदान पर कल 13 नवंबर से 17 नवंबर तक आयोजित होने वाली 69 वी राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता 19 आयु वर्ष बालक /बालिका वर्ग के मेचों के आयोजन हेतु लोक शिक्षण संचालनालय मप्र द्वारा 32 तकनीकी आफिशियल्स /रेफरी नियुक्त किये है।

**सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार के प्रबंध नहीं होने के कारण आये दिन लोग टावर पर चढ़कर मचाते है आंतक, रहवासी क्षेत्रों में स्थापित होने से मानव जीवन को खतरा...**


# शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में नियमों को दरकिनार कर स्थापित किये जा रहे टावर

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां एक ओर इस समय लोगों में अनेक प्रकार की नई नई बीमारी आये दिन मुनष्य को जकड़ते हुए देखी जा रही है, जिसका प्रमुख कारण यह माना जा रहा है कि लगातार बढ़ रही भौतिक बादी सुविधाओं की प्रमुख देन है। क्योंकि जहां लोगों द्वारा खान पान का ध्यान नही रखा जा रहा है। वही दूसरी ओर आमजन के लिए सुविधा जनक माने जाने वाले साधनों से पैदा होने वाली तरंगे भी बीमारियों का प्रमुख कारण साबित होने से नही चूक पा रही है? वही दूसरी ओर बताया जाता है कि जिस प्रकार से शहरों में रहवासी क्षेत्रों में जो मोबाईल टाबरों की स्थापना हो रही है जो कही न कही अनेक प्रकार की बीमारियों को बढ़ावा देने में प्रमुख रूप से सामने आने से नही चूक पा रही है? विशेषज्ञो के अनुसार सेल फोन टॉवरों से भी मानव शरीर को विशेष दुष्प्रभाव पड़ता है, जिसे ध्यान में रखते हुए शायद पूर्व में मा. न्यायलय द्वारा इन्हे स्थापित करने के लिए निर्धारित मापदंडों का पालन करने का आदेश दिया गया था। मगर शायद ही उस आदेश का कही पालन होते हुए दिखाई दे रहा हो? क्योंकि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किये गये अनेक टावरों की सच्चाई इस प्रकार से बनी हुई है कि जहां इन टाबरों में रात के समय लाल सिंग्नल ही नजर नही आ रहे है तो वही दूसरी संबंधित द्वारा न इन टावरों को रख रखाब किया जा रहा है और नही ही इनकी पुताई की जाती है जा रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि संबंधित विभाग द्वारा इन टाबरों की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार से कोई प्रबंध नही किये जाने के कारण लोग इन पर चढ़कर आंतक मचाते हुये भी देखे जाने लगे है..? जबकि नियम के अनुसार टाबरों की ऊँचाई स्पष्ट करने के लिये









सफेद व लाल रंग में पोता जाता है? जानकारी के अनुसार इन सेल टाबरों से होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर नगरीय क्षेत्रों में सेल फोन टॉवर स्थापित करने के लिये म.प्र. मानव अधिकार आयोग ने कम से कम ऐसे भूखंडों का चयन करने को प्राथमिकता देने की अनुशंसा की गई है, जिनका आकार ढाई सौ फूट हो, इन भूखंडों पर सेल फोन टॉवर के लिये स्थापित की जाने वाली मशीनों और जनरेटर से 100 फूट की त्रिज्या में कोई भी रिहायशी आवास न हो और टॉवर स्थापित करने के लिए जनरेटर की चिमनी की ऊंचाई न्यूनतम 30 फूट अथवा पास की ऊंचे आवासीय भवन से 20 फूट अधिक होना चाहिए? वही बताया जाता है कि पूर्व में ही इस संबंध में आयोग ने सिफारिश की गई थी कि ढाई हजार वर्ग फूट तक के आवासीय भूखंडों पर स्थापित टॉवर तत्काल हटाये जाने चाहिये तथा रिहायशी कॉलोनियों में मकानों की छात पर स्थपित टॉवरों से लोगों की जान और माल की क्षति का खतरा बना रहता है, इसलिए टॉवरों की ऊंचाई इतनी हो कि उनके गिरने से कोई जनहानि न हो साथ ही साथ टॉवर स्थापित किये जाने वाले स्थान को वायर फैसिंग और चार दीवारी बनाकर सुरक्षित रखा जाना चाहिये तथा विद्युत या डीजल जनरेटर से संचालित होने वाले टॉवरों में ध्वनि प्रदूषण न हो इसका विशेष ध्याान रखा जाना चाहिये..? जानकारी के अनुसार आयोग की पहल पर शासन ने सेल फोन टॉवर से निकलने वाली विद्युत चुंबकीय विकिरणों के दुष्प्रभावों का अध्ययन करने के लिये विशेषज्ञों द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ये विद्युत चुम्बकीय विकिरणें माताओ, गर्भस्था में शिशुओं ओर बालकों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है..? मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में निजी कंपनियों द्वारा अपनी मनमर्जी के अनुसार टाबर खड़े कर दिये गये है जहां पर लोग निवास करने के शिक्षण संस्थाओं के आलवा स्वास्थ्य केन्द्र भी मौजूद है। अनेक जगहों पर तो इस प्रकार से देखा जाता हे कि जहां पर सेल फोन टाबर लगे है उन्ही भवनों में स्कूल संचालित हो रहे है साथ ही साथ नगर में अनेक रहवासी इलाकों में टाबर खडे करने से आमजनों के लिए परेशानी का कारण साबित हो रहे है? इस प्रकार से निर्धारित मापदंडो को दर किनार करते हुए शहर से लेकर गांवों में स्थापित किये गये टाबर अपनी सच्चाई खुद ही उजागर करने से नही चूक रहे है? जिनका जहां दिन के समय कलर ही दिखाई न देता है और रात के समय लाल सिंग्नल तक गायब रहता है, वही दूसरी ओर टाबरों के पास किसी भी प्रकार से कोई सुरक्षा कर्मी मौजूद न रहने के कारण आये दिन लोग इन टाबरों पर चढ़कर हंगामा खड़ा करने से भी नही चूक रहे है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके चलते लोगों में अनेक प्रकार की बीमारियाँ होने की संभावना के साथ साथ बगैर सिंग्नल वाले टाबरों से किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? जहां तहां स्थापित हो रहे टाबरों को लेकर लोगों का कहना है कि निजी कंपनियों द्वारा आम लोगों को जरा से धन का प्रलोभन देते हुए उनके भवनों पर टाबर खडा करने के लिए तैयार तो कर लेते है। मगर वह मकान मालिक जरा से धन के लालच में आकर अपने भविष्य को दाब पर लगाने से भी नही चूक रहे है।

## जनपद शिक्षा केन्द्र में आयोजित हुई विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** स्थानीय जनपद शिक्षा केंद्र में स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग संबंधित मूल्यांकनकर्ताओं का प्रशिक्षण तथा विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक आयोजित की गई। उक्त प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए बीआरसी चीचली डी के पटेल एवं एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्वच्छ विद्यालय रेटिंग संबंधित थ्री, फोर एवं फाइव स्टार प्राप्त शालाओं के फालोअप संबंधि प्रक्रिया को बिंदुवार बताया गया। वही मास्टर ट्रेनर दीपक श्रीवास्तव द्वारा रेटिंग के संबंध में जल, शौचालय, संचालन, रख रखाव, व्यवहार परिवर्तन तथा क्षमता निर्माण तथा मिशन लाइफ संबंधित सभी प्रश्न को सबमिट करने तथा फोटो अपलोड की प्रक्रिया को विस्तृत रूप में बताया गया। वही बीआरसी डीके पटेल आगामी 18 नवंबर को सभी जन शिक्षा केंद्रों में आयोजित होने वाली ओलंपियाड परीक्षा प्रथम चरण में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति, प्रवेश पत्र वितरण कार्य, माध्यमिक विद्यालयों स्मार्ट क्लास संचालन, ग्राम/बसाहट में चाईल्ड ट्रैकिंग ऐप के माध्यम से शाला में नामांकित एवं शाला से बाहर के 6 से 18 आयु वर्ग के छात्रों के सर्वे संबंधित पार्ट बी फीड करने के आलवा राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न दायित्व निर्वहन में सजगता, मेंटरिंग, बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करना , एफएलएन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य, खाद्यान्न उठाव, ड्रॉप बॉक्स, पीएम पोषण आहार मॉनिटरिंग, जिज्ञासु किट उपयोगिता इत्यादि बिंदुओं पर जरूरी निर्देष दिये गये। इस बैठक में उपस्थित बीएसी अरुण दुबे ने विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, अर्ध वार्षिक परीक्षा के पाठ्यक्रम पूर्णता की स्थिति तथा वीर गाथा प्रोजेक्ट 5.0, ऊर्जा संरक्षण संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता, शाला संचालन में नियमितता, ड्रॉपबॉक्स, तथा यू डाइस पोर्टल कार्य संबंधी चर्चा की गई। उल्लास नवभारत साक्षरता के समन्वयक लेखराम गौतम तथा सत्यम ताम्रकार द्वारा ने आगामी 20 नबम्बर तक ग्राम, वार्ड, बसाहटों के असाक्षरों के शत प्रतिशत सर्वे, सामाजिक चेतना के संचालन, मॉनिटरिंग तथा सामाजिक चेतना पंजी के सतत अद्यतन की बात की। इस बैठक मे अनूप पालीवाल, अजय नामदेव, प्रमोद साहू, सत्यम ताम्रकार, अजय नामदेव, हेमंत पटैल, हरीश गुप्ता, नरेश मेहरा, वीरेंद्र रघुवंशी, संजय सिंह राजपूत, अजेश कुमरे, कैलाश कहार सहित सभी मूल्यांकनकर्ताओं प्रशिक्षकों की इत्यादि की उपस्थिति रही।

## अनेक गांवों में गरीबी के हकदारों को नही मिले नीले राशन कार्ड

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** म. प्र. सरकार ने गरीबो के हित में अनेक योजनाएँ संचालित की हैं किन्तु विडम्बना की बात है इन योजनाओं का लाभ या तों अशिक्षित होने से गरीब नही उठा पाते या शासकीय कर्मचारियों की लापरवाही के चलते गरीबों को प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं से वंचित कर दिया जाता है? इस बात की सच्चाई गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों में दिखाई पड़ रही है? बताया जाता है कि गांवों के सही मायने में गरीबों, शासन से मिलने वाली सुविधाओं के हकदारो ने काफी समय पूर्व गरीबी रेखा सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन दिए थे, मगर आश्चर्य की बात है कि अभी तक प्रशासन की प्रक्रिया के तहत गरीबो के नाम बी.पी.एल.सूची में दर्ज नहीं किए गए है? जिसके कारण प्रदेश शासन की मंशा के



अनुरूप वास्ताविक गरीब सस्ते राशन, कैरोसिन से वंचित है और नीला, पीला राशन कार्ड उनके पास न होने से प्रदेश सरकार की गरीब हितैषी योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। जबकि साधन संपन्न लोग इन योजनाओं का लाभ उठा रहे है। वही इस संबंध में हरिभूमि से चर्चा करते हुए दो वक्त की रोटी का मुश्किल से इंतजाम करने वाले गरीबो ने कहा कि प्रशासन ने साधनसम्पन्न लोगों तक के बी. पी. एल. कार्ड बना दिए है? किन्तु गरीबों के नीले, पीले राशन कार्ड के बनाने में उसकी तरफ सें बेमतलब देरी कर गरीबों को परेशान किया जा रहा है..? उनके अनुसार बी. पी. एल. कार्ड नही बनने से किसी तरह की शासकीय सुविधा उन्हे नहीं मिल रही है और विषम परिस्थिति में जिन्दगी व्यतीत करने गरीबों को मजबूर होना पड़ रहा है,नीले, पीले राशन कार्ड तैयार करने का इंतजार करने वाले गरीबो ने प्रशासन से गुहार लगायी है कि उनकी समस्या हल करने की दिशा में ठोस पहल की जाए।

## राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता शामिल होने वाले टीमों का आगमन हुआ शुरू

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में आयोजित हो रही कल 13 नवंबर से 17 नवंबर तक 69 वी राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता 19 आयु वर्ष बालक /बालिका वर्ग की भाग लेने वाले टीमों का आगमन शुरू हो चुका है। इसी के चलते बीते हुये मंगलवार को नगर में आई हुई टीमों में सबसे पहले सुबह रेल्वे स्टेशन पर श्रीधाम एक्सप्रेस ट्रेन से लद्दाख की बालक एवं बालिका वर्ग की टीम का आगमन हुआ। इस टीम को आयोजन समिति द्वारा नगर



के रेल्वे स्टेशन पर पहुंचकर भव्यता के साथ स्वागत किया गया। वही प्रस्थान समिति के प्रभारी प्राचार्य महेंद्र चक्रवर्ती एवं सहप्रभारी डॉ संदीप मेहरा, नितेंद्र सिंह राजगोड़, काशीराम रजक, राजेश शर्मा, जयनाथ मेहरा सहित शिक्षकों द्वारा उनके आवास स्थल तक आवास स्थल तक पहुंचाया गया। इस संबंध समिति सहप्रभारी डॉ मेहरा ने बताया कि आज देर रात तक केरला, असम, मणिपुर, पश्चिम बंगाल सहित अन्य प्रांतों की टीमे आ जाएंगी। शेष टीमो के बुधवार को आने की सुचना उनके दल द्वारा प्राप्त हुई है। लगातार दूसरे वर्ष शहर में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन हेतु सभी मे उत्साह देखा जा रहा है।

## नहरें बता रही अपनी गुणवत्ता की कहानी शुरू होने के पूर्व होने लगी उजागर..

**हरिभूमि न्यूज/ खुलरी।** सरकार द्वारा जिस सोच के साथ लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं चलाई जाती है,मगर देखा जाता है कि कुछ अधिकारियों की उदासीनता व मिली भगत के चलते उन योजनाओं के निर्माण कार्य में इस प्रकार की गफलत बाजी की जाती है कि जिससे उन योजनाओं के तहत लोगों को लाभ मिलने के पूर्व ही वह अपनी गुणवत्ता की कहानी स्वयं बताने लगती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र में कुछ साल पहले बनी हुई नहरों में देखने मिल रही है? बताया जाता है कि इस समय गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत अनेक गांवों में करोड़ो रूपया की लागत से कुछ वर्ष पहले निर्मित हुई नहरों की स्थिति इस प्रकार से देखने में आ रही है कि वह अपने निर्माण के चंद दिवस बाद इस प्रकार से टूट रही है जिससे स्पष्ट अनुमान लग रहा है कि इन नहरों के निर्माण कार्यो में निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा गुणवत्ता को दर किनार करते हुए निर्माण किया गया है? इतना ही नही इन नहरों के निर्माण कार्य के दौरान बरती गई गुणवत्ता की अनदेखी को लेकर अनेकों बार आवाज उठाई गई थी। मगर संबंधित विभाग के अधिकारियों की उदासीनता व मिली भगत का परिणाम यह हुआ की इस ओर ध्यान नही दिया जाने के कारण निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा अपने मन के माफिक



गुणवत्ता हीन नहरों का निर्माण किया गया है? जिसका उदाहरण इस समय क्षेत्र में बनाई गई नहरों में देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा इन नहरों का निर्माण कुछ वर्ष पूर्व ही किया गया था और इन नहरों में अभी तक सही रूप से पानी चलना भी शुरू नही हुआ है कि नहरें अनेक जगहों से उखड़ना शुरू हो चुकी है जिसके कारण उनकी गुणवत्ता स्पष्ट नजर आ रही है? मगर धन्य है कि नहर विभाग के अधिकारी जिन्होंने इस ओर ध्यान नही दिया और इस प्रकार से गुणवत्ता हीन नहरों का निर्माण कार्य होता रहा है? अब सबाल यह उठता है कि जब शुरू होने के पूर्व इन नहरों की यह स्थिति बनी हुई है तो फिर जब इनमें पानी छोडा जावेगा तो क्या हाल होगा? इस सच्चाई का उदाहरण भी देखा जा चुका है जब इन गुणवत्ताहीन नहरों से पानी छोडा गया था तो इन नहरों के फूटने से अनेक किसानों के खेतों में पानी भरने के कारण उनके खेतों में खड़ी फसले बर्बाद हो चुकी है? और यही हाल अब आने वाले समय में इस क्षेत्र में होने से भी इंकार नही किया जाता सकता है? नहर परियोजना विभाग के अधिकारियों की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत का परिणाम? मगर क्षेत्र में इस प्रकार से निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा गुणवत्ता को दर किनार करते हुए निर्माण कार्य किया गया है? वह निश्चित ही क्षेत्र के किसानों को लाभ देने की जगह विनाश करने वाला साबित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

## कम्प्यूटीकृत बैंकों में हो रहा कछुआ गति से काम

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कम्प्यूटर युग के बावजूद भी बैंको मे राशि जमा करने व निकालने के लिये अगर एक दो घण्टे का समय लगें, लंबी लंबी कतारें खत्म न हो तो हमे 21 वीं सदी मे आधुनिकता की चादर ओढ़ने का गर्व नही करना चाहिए। नगर मे स्थित राष्टीयकृत बैंकों मे जिन ग्राहकों को पैसा जमा करने, ड्राप्ट बनवानें, शासकीय राशि जमा करने पहुंचते है तो उन्हे लंबी लाइन मे खड़े होकर अपना नंबर आने का इंतजार करना पड़ता है। बैंको मे नोट गिनने की मशीन होने के बावजूद भी अन्य लिखा पढ़ी मे काफी विलंब होता है, जिससे ग्राहकों मे बैको की कार्यप्रणाली से परेशानी बढ़ी है, नगर सहित क्षेत्र के आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित राष्टीयकृत बैंक मे शासकीय राशि, चालान आदि पटाने में लोगो को भारी मशक्कत करनी पड़ती है, एक काम के लिये ही यहां पूरा दिन बर्बाद हो जाता है, जिससे लोगों के काम धाम पिछड़ते हुए देखा जा रहा है? इतना ही नही इस बैंक में कार्यरत कर्मियों के परिचतों के कार्य पहले निपटानें का भी चलन तेजी लिये हुए है। संबंधित बैंक अधिकाारियों को चाहिए कि उपभोक्ताओं के काम आसानी से और कम समय पर निपटे ऐसी व्यवस्था बैंक मे बनाये। किंतु अधिकारी है कि कुर्सी पर चिपके रहते हुए देखा जाता है। उन्हें बैंकों मे काम किस गति से हो रहा है व उपभोक्ताओं की क्या परेशानी हो रही है, शायद इससे किसी को कोई सरोकार नही है? मगर देखा जाता है कि यहां प्रमुख बैंकों में वर्षो से पदस्थ कुछ कर्मी अपनी डियूटी के समय चायपान की दुकानों के साथ साथ लोंग लता का स्वाद लेते हुए ज्यादा नजर आते है? इस प्रकार से बैक अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी से परेशान उपभोक्ता जब बैंक प्रमुख से विलंब होने की बात कहते है तो वे उन्हे बैंक में फसाद करने का उल्टा उल्हाना देने से नही चूकते है..? इस प्रकार से बैंकों में



उपभोक्ताओं को राशि निकालने व जमा करने के लिये पर्याप्त खिड़की है किंतु स्टाफ की कमी के कारण गिनी चुनी खिडकियों मे ही काम होता है। जहां पर लंबी लंबी कतारें लगी रहती है। शासकीय चालान जमा करने वालो को भी घंटों लंबी कतारों मे खड़ा होना पड़ रहा है, एक बैंक मे तो आये दिन पासवर्ड के कारण कम्प्यूटर चालू नही हो पाता जिसके ग्राहक देर तक भुगतान पाने खड़े रहते है, बैंको का कम्पूयटरीकृत होने के ढोल तो पीटे जाते है किंतु बैंको मे काम काज धीमी गति से हो रहा है लोगों की परेशानी का कारण बन रहा है, यदि ग्राहक विलंब के लिए कुछ कहते है तो बैंक कर्मी व अधिकारी आपे से बाहर हो जाते है।

## विद्युत लाईनों के रख रखाव में बरती जा रही उदासीनता का परिणाम भोगने ग्रामीण हो रहे मजबूर

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** इस समय देखा जा रहा है कि जहां बिजली विभाग द्वारा शहर से लेकर ग्रामवासियों को मन माफिख बिल देते हुए महगांई के दौर में उनकी घरों के बजट को विगाड़ते हुये उत्सह को तो फीका कर दिया गया है। मगर वही दूसरी ओर जिस प्रकार से बिजली कटौती की जा रही है उसके चलते लोगों को मुश्किल में डाल दिया गया है। बताया जाता है कि इस समय शहर से लेकर गॉवो में जिस प्रकार से बिजली की आँख मिचौली चल रही है, उसके चलते लोग परेशान हो रहे है तो वही दूसरी ओर बच्चें अपनी पढ़ाई नही कर पा रहे है। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा कह दिया जाता है कि अचानक बिजली लाईन में खराबी आ जाने के कारण बंद हुई है सुधार कार्य चल रहा है। जबकि गौर किया जावे तो कुछ समय पहले ही बिजली विभाग द्वारा सुधार के नाम पर संपूर्ण नगर की बिजली बंद रखी गई थी, और कहा गया था कि अब लोगों को बिजली की परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि प्रतिदिन दिन रात में अनेकों को बार बिजली अचानक बंद हो रही है, जिससे बिजली विभाग द्वारा पूर्व के समय में किये गये सुधार कार्य को लेकर जहां अनेक सबाल खड़े हो रहे है। वही दूसरी ओर यह सबाल भी उठ रहा है कि आखिर में किस प्रकार से सुधार हुआ था जिसके चलते अब चल रहे किसानों के खेती कार्य के समय में लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस स्थिति में सबाल यह कि क्या बिजली सुधार कार्य के नाम पर सिर्फ औपचारिकता ही निभाई गई थी या फिर शासन के पैसा की होली खेली गई थी? इस प्रकार से बिजली की आंख मिचोली के चलते सर्वाधिक परेशानी नगर के उन रिहाईशी इलाकों के निवासियों को हो रही है, जहां पानी की सप्लाई नलकूपों के माध्यम सें की जाती है।

## सड़कों पर धडल्ले से किशोर दौड़ा रहे हैं वाहन, अपने साथ साथ दूसरों की जान को भी डाल रहे खतरे में

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या और तेज गति से वाहनों का सड़कों पर दोड़ना वैसें ही दुर्घटनाओं का आमंत्रण देते दिखाई दे रहा है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर की सड़कों पर जिस प्रकार से नाबांलिग किशोरों को दो पहिया वाहन दौड़ाते हुए देखा जाता है उससे उनकी जान को तो खतरा बन ही रहा है साथ ही साथ दूसरों की जान को भी खतरा पैदा करते हुए देखे जा रहे है? जिसमे प्रमुख रूप से देखा जावे तो स्कूली बच्चों का दो पहिया वाहन चलाना दूसरो के लिए खतरा बना हुआ है, क्योंकि इस समय नगर में देखा जावे तो अनेक जगहों पर 12 वर्ष सें लेकर 16 वर्ष की आयु वालें सैकड़ों किशोर व किशारियाँ वाहन चलाते दिख आसानी से दिखाई दे जाते है, इसे अभिभावक का बच्चों के प्रति लगाव कहे या भौमिकवाद की दौड़ में दिखावा जो बिना लाईसेंस के वाहन चला रहे कम उम्र के बालक बालिका नासमझी में हादसें का शिकार हो सकते है साथ ही साथ इनकी नादानी से दूसरों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ सकती है? आगे निकलनें की होड़- स्कूली विद्यार्थी स्कूल आते जाते समय एक दूसरें से आगे निकलने के लिए रेस लगाते है साथ ही बाइक की गति और सड़को पर अनोखे करतबो का प्रदर्शन भी भीड़ भरी सड़को पर रोजना करते हुए आसानी से देखे जाते है, इनके अभिभावक भी इन खतरों सें भलिभांति वाकिफ है? लेकिन भौतिक संसाधनों के उपयोग और थेड़ी सी लापरवाही में जानकार भी अनजान बनें हुए है। सांझ ढलतें ही सड़कों पर- शाम होतें ही नगर की सड़कों पर कई किशोर जिनकी उम्र की बात तो दूर जिस वाहन पर बैठे हुए होते है उनका उसके ब्रेकों तक पैर तक नही पहुंच पाते मगर इसके बाद भी उसे नगर की सड़कों पर वाहन दौड़ाते हुए आसानी से देखा जा सकता है,

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ग्राम कोहनी देवरी का किया निरीक्षण



डिण्डौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने विकासखंड शहपुरा के ग्राम पंचायत कोहनी देवरी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय कन्या प्राथमिक शाला कोहनी देवरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्राओं से शैक्षणिक गतिविधियों एवं मीनू के अनुसार भोजन उपलब्धता पर चर्चा की। जिस पर छात्राओं ने विद्यालय में पानी की समस्या रखी। जिसे कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अधिकारी को दो दिवस के अन्दर पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोहनी देवरी का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होनें दवा वितरण केन्द्र, डॉक्टर कक्ष, ओपीडी, जनरल वार्ड, स्टोर कक्ष के साथ-साथ आवश्यक रजिस्टर चेक किए और मेडीकल ऑफिसर श्री विवेक साहू एवं स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं का लाभ मिलता रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एसआईआर की प्रगति की समीक्षा बैठक



डिण्डौरी। निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों का कलेक्टर डिण्डौरी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया एवं कलेक्टर मण्डला सोमेश मिश्रा ने जिले के आदिवासी जनजाति समुदाय के द्वारा निर्मित विश्व प्रसिद्ध जी-टैग प्राप्त गोंडी चित्रकारी की प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत भेंट किया। तत्पश्चात भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी अश्वनी कुमार मोहल, सचिव तथा कनिष्क कुमार, अंडर सेक्रेटरी दिल्ली के डिण्डौरी भ्रमण कार्यक्रम के दौरान 11 नवंबर 2025 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष डिण्डौरी में मण्डला जिला एवं डिण्डौरी जिले की विधानसभा क्षेत्र शहपुरा 103, विधानसभा क्षेत्र डिण्डौरी 104 इसी प्रकार मण्डला जिले के विधानसभा क्षेत्र बिछिया 105, विधानसभा क्षेत्र निवास 106 एवं विधानसभा क्षेत्र मण्डला 107 विधानसभाओं में चल रहे निर्वाचन आयोग के विशेष गहन (एसआईआर) पुनरीक्षण गणना पत्रक की मतगणना, वितरण, गणना मुद्रण और गणना पत्रक की प्रगति समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने डिंडौरी जिले में निर्वाचन संबंधी चल रहीं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए डोर-टू-डोर रजिस्टर एवं बीएलओ को कार्य में प्रगति लाने को कहा।

बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डिण्डौरी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मण्डला सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डिण्डौरी जेपी यादव, एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिण्डौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम निवास सीएल वर्मा, एसडीएम बिछिया सोनल सिदाम, एसडीएम मण्डला सुश्री सोनाली देव, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीएलओ, मास्टर ट्रेनर, पुलिस अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 66 आवेदन प्राप्त, कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

डिंडौरी ।

**कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और कई आवेदनों का तत्काल समाधान कराया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 66 आवेदन प्रस्तुत किए, जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं हो सका, उनके लिए आवेदकों को समय-सीमा निर्धारित कर आवश्यक आश्वासन प्रदान किया गया। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर नियमानुसार शीघ्र और पारदर्शी निराकरण किया जाए।**



कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिले में आम जनता को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनसुनवाई में आए आम लोगों को कलेक्टर कार्यालय मुख्य द्वार पर दो कर्मचारियों को तैनात कर जनसुनवाई में आने वाले आम जनता को एक-एक टोकन देकर रजिस्टर में पंजीयन कर उनको व्यवस्थित स्थान पर कुर्सी पर बैठाया गया। उसके बाद एक-एक कर क्रमशः कलेक्टर ने उनकी बात सुनी और उनका निराकरण किया। इस प्रकार की व्यवस्था जिले में पहली बार पहली कलेक्टर ने की। जिससे आम जनता को सुविधा के साथ अपनी बात रखने का भरपूर मौका मिल सके। जनसुनवाई के दौरान ग्राम बीजापुरी निवासी श्री शिवप्रसाद धुर्वे, गुदुमबाजा नृत्य दल के प्रमुख ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि दिनांक 19 जून 2024 को चन्द्रविजय महाविद्यालय मैदान में आयोजित सिकलसेल जागरूकता कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति की राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई है। इस पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को शिकायत की जांच कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम खाम्ही निवासी श्रीमती श्यामकली बघेल ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि पेमलदास पिता बारे लाल का निधन 12 दिसंबर 2024 को हो गया है। उन्होंने संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि दिलाए जाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत समनापुर को शिकायत का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार श्रीमती दिव्या प्रसाद चंदेल, निवासी ग्राम मोहदा, ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके संबल कार्ड को निरस्त करते हुए अपात्र घोषित कर दिया गया है। उन्होंने पुनः पात्रता की मांग की। इस पर कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने श्रम विभाग को आवेदन की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम चन्द्रागढ़ के समस्त ग्रामवासियों ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि ग्राम के आम रास्ता को प्रेम सिंह पिता काशीराम निवासी लाखो निवासी के द्वारा बंद कर दिया गया है, जिससे आमजनों का आना-जाना प्रभावित हो रहा है। उन्होंने रास्ता खुलवाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम डिंडौरी को शिकायत की जांच कर उचित कार्यवाही कर मार्ग पुनः रास्ता चालू कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों पर कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जांच एवं कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पर डिंडौरी में निकली भव्य प्रभात फेरी



डिंडौरी ।

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज डिंडौरी नगर में भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी का शुभारंभ कलेक्ट्रेट तिराहा से हुआ, जो आनंदम दीदी कैफे तक बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुई। प्रभात फेरी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने हाथों में तिरंगा थामकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। वंदे मातरम और भारत माता की जय के जयघोष से नगर का वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के ऐतिहासिक महत्व को याद करते हुए नागरिकों में देशप्रेम, एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को सुदृढ़ करना रहा। मार्ग में उपस्थित लोगों ने फेरी में शामिल प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और राष्ट्रभक्ति के नारों से माहौल को जीवंत बना दिया।प्रभात फेरी में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र राजपूत, पार्षद रजनीश राय, भागीरथ उरैती, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनजातीय गौरव दिवस के तहत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में रंगोली के माध्यम से उकेरे जनजातीय कला व संस्कृति

**डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य जनजातीय कला, संस्कृति और परंपराओं को प्रोत्साहन देना है।**

कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएँ, किशोरियाँ और स्थानीय महिलाएँ उत्साहपूर्वक शामिल हुईं। प्रतिभागियों ने अपने हुनर से विविध रंगों में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके संघर्ष और जनजातीय गौरव को रंगोलियों के माध्यम से जीवंत किया। विभिन्न केन्द्रों में प्रतिभागियों ने जनजातीय प्रतीकों, पारंपरिक नृत्य रूपांकनों और प्राकृतिक सौंदर्य को अपनी कला में प्रदर्शित किया। इन रंगोलियों ने स्थानीय जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को उजागर किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए जनजातीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि जनजातीय गौरव दिवस (15 नवम्बर 2025) तक जिलेभर में विभिन्न गतिविधियाँ चित्रकला, पाककला, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समाज में भगवान बिरसा मुंडा के विचारों और जनजातीय गौरव को जन-जन तक पहुँचाया जा सके।





### थाना शहपुरा पुलिस ने सुलझाया अंधे हत्याकांड का मामला

## दामाद निकला चाचा ससुर का कातिल

शहपुरा।

थाना शहपुरा पुलिस ने एक जटिल अंधे हत्याकांड का खुलासा करते हुए मृतक के दामाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी पत्नी और ससुर के बीच अवैध संबंधों की शंका में यह हत्या की थी।

दिनांक 4 नवम्बर 2025 को थाना शहपुरा क्षेत्र के ग्राम गुतली स्थित शहपुरा–मेहद्वानी रोड किनारे एक खेत में एक अधेड़ पुरुष का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। मृतक की पहचान विष्णु सिंह पिता जोन सिंह (56 वर्ष), निवासी गुतली रैयत के रूप में हुई थी। मृतक के सिर और चेहरे पर किसी कठोर वस्तु से वार किए गए थे, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।इस घटना पर थाना शहपुरा में अपराध क्रमांक 581/25, धारा 103(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।



मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी शहपुरा के मार्गदर्शन में थाना शहपुरा प्रभारी अनुराग जामदार के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम गठित की गई। टीम ने मृतक के परिजनों, ग्रामीणों एवं परिचितों से गहन पूछताछ की और कई संदिग्धों से पूछताछ की।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक विष्णु सिंह का अपने दामाद भूपत सिंह मार्को से चैत नवरात्र के समय विवाद हुआ था। उस समय भूपत ने विष्णु सिंह को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने जब आरोपी को हिरासत में लेकर मनोवैज्ञानिक ढंग से पूछताछ की, तो उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे अपनी पत्नी और ससुर विष्णु सिंह के बीच अनुचित संबंधों का शक था। इसी शक और बदले की भावना में उसने हत्या की योजना बनाई।दिनांक 3 नवम्बर 2025 की रात को जब विष्णु सिंह खेत में बनी झोपड़ी में सो रहे थे, तब आरोपी ने मौका पाकर लकड़ी के डंडे (चिल्पा) से उनके सिर पर वार कर हत्या कर दी।

इस अंधे हत्याकांड का सफल पर्दाफाश थाना प्रभारी अनुराग जामदार के नेतृत्व में किया गया। जांच टीम में सउनि नंदकिशोर झरिया, सहायक उपनिरीक्षक विपिन जोशी, प्रधान आरक्षक महिपाल पंद्रे, आरक्षक राघवेंद्र मरावी, प्रवीण अवस्थी एवं अभिषेक पांडे शामिल थे। टीम के सभी सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

## बी.एल.ओ ने घर-घर जाकर किया गणना पत्रक प्रदान

गारासरई



आज दिनांक 11/11 /2025 दिन मंगलवार को जिला डिंडोरी ब्लॉक बजाग के ग्राम पंचायत बरगांव भाग संख्या 226 में नीचे टोला ,आवास मुहल्ला, और रोड किनारे घरों में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया गया, इसी के तहत आज मतदाताओं को गणना पत्रक प्रदान किया गया इसमें बी एल ओ उदय ठाकुर,पटवारी- दिगंबर धुर्वे,सचिव- दुर्गेश श्याम , सहायक सचिव हरि लाल यादव एवं ब्रज मोहन सरपंच के द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्र प्रदान किया गया यह सर्वे 04/11/2025 से 04/ 12/2025 तक चलेगा इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि एक मतदाता पूरे भारत में एक ही जगह वोट डालेगा।

### न्यायोत्सव अंतर्गत स्कूलों में किया गया प्रतियोगिताओं का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** "न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह" कार्यक्रम के अन्तर्गत तहत 11 नवंबर को सरस्वती शिशु मंदिर अनूपपुर, तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर, संस्कार लॉ कॉलेज अनूपपुर, शासकीय आईटीआई, एवं भारत ज्योति हाई स्कूल अनूपपुर में निबंध/चित्रकला/नुक्कड़ नाटक/क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त शिविर कार्यक्रमों में बृजेश पटैल "जिला विधिक सहायता अधिकारी", द्वारा उक्त विद्यालयों के विद्यार्थियों को "न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह" के संबंध में जानकारी दी तथा उक्त प्रतियोगिताओं के अभ्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया।

### कलेक्ट्रेट परिसर के लिए डीएम ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कार्यालय कलेक्टर अनूपपुर में जुलूस, आमसभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के आए दिन उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होता है एवं परिशांति भंग होने की संभावना बनी हुई है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।



## भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारी एसआईआर की प्रगति की समीक्षा हेतु जिले का किया भ्रमण

**डिण्डौरी।** भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी अश्वनी कुमार मोहल, सचिव तथा कनिष्क कुमार, अंडर सेक्रेटरी दिल्ली के डिण्डौरी भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत 11 नवम्बर 2025 को डिंडौरी के विधानसभा क्षेत्र शहपुरा के ग्राम पंचायत कोहानी देवरी में ग्राम पंचायत कार्यालय बैठक कक्ष में ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, सरपंच, बीएलओ, पंचायत समन्वयक, तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की जमीनी स्तर की बीएलओ, एआरओ, ईएआरओ के द्वारा मतदान केन्द्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर किए जा रहे बीएलओ के द्वारा मतदाता गणना पत्रक, वितरण और अपलोड करना, एसआईआर की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए गणना की कार्यवाही करने के आवश्यक निर्देश दिए।

## जिला स्तरीय 29वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव उत्साहपूर्वक संपन्न

डिंडौरी ।







कलेक्ट्रेट खेल परिसर डिंडौरी में युवा प्रतिभाओं के प्रदर्शन और सांस्कृतिक एकता के प्रतीक जिला स्तरीय 29वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव बड़े ही उत्साह, उमंग और जोश के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिले भर से आए सैकड़ों युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, कलात्मक, भाषण, लोकनृत्य, लोकगीत, कविता लेखन, कहानी लेखन आदि प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलीय चित्र पर दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के सामूहिक गायन से किया गया। मुख्य अतिथि में जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र राजपूत, सुधीर दत्त तिवारी, राजेन्द्र राजपूत, महेश धूमकेती, लक्ष्मण सिंह ठाकुर, और प्रशासनिक अधिकारी पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, एनएसएस प्रभारी ए.के. प्रणव ने जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया। तत्पश्चात खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने अतिथिगण का स्वागत फूल माला और बैज लगाकर किया।इसके बाद जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस महोत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला, भाषण, कविता, निबंध लेखन और विज्ञान मेला प्रदर्शनी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें 244 प्रतिभागी विद्यालय, महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक, आईटीआई, जवाहर नवोदय विद्यालय, मदर टेरेसा, केंद्रीय विद्यालय, सेंट एंजेल हाई सेकंडरी स्कूल, कस्तूरबा गांधी आदि शैक्षणिक संस्थाओं से शामिल हुए।

विज्ञान प्रदर्शनी मेला में मोटे अनाज, मिलेट्स का महत्व और उत्पादन पर आधारित पर्यावरण, उद्योग, सौर ऊर्जा, बिजली उत्पादन, जल संरक्षण, भू-संरक्षण, जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए कम भूमि पर अधिक उत्पादन जैसे मॉडल बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में नवोदय विद्यालय, चंद्रविजय महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, आईटीआई, केंद्रीय विद्यालय और मॉडल कॉलेज के प्रोफेसर शामिल थे।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रतिभा पांडे (पॉलिटेक्निक), द्वितीय स्थान शायना खान (जवाहर नवोदय विद्यालय), तृतीय स्थान सोनम यादव (कस्तूरबा गांधी) ने प्राप्त किया।लोकनृत्य में प्रथम स्थान चंद्रविजय कॉलेज, द्वितीय स्थान जवाहर नवोदय विद्यालय, तृतीय स्थान सेंट एंजेल पब्लिक स्कूल रहा।कविता लेखन में प्रथम स्थान रागिनी ब्यौहार, द्वितीय स्थान वैशाली साहू, तृतीय स्थान सुरंजना ध्रुवे को मिला।कहानी लेखन में प्रथम स्थान उर्वशी गोस्वामी (कस्तूरबा कन्या शाला), द्वितीय स्थान भारती सोनवानी (पॉलिटेक्निक), तृतीय स्थान रिया पारस (सरस्वती ज्ञान मंदिर) रही।

लोकगीत में प्रथम स्थान जवाहर नवोदय विद्यालय को मिला।पेंटिंग में प्रथम स्थान धरा मरावी (केंद्रीय विद्यालय), द्वितीय स्थान अवीर नामदेव (पॉलिटेक्निक), तृतीय स्थान सुरंजना मरावी (उत्कृष्ट विद्यालय) को मिला।

विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान शंभवी पाठक (केंद्रीय विद्यालय), द्वितीय स्थान मानशी परस्ते (जवाहर नवोदय विद्यालय), तृतीय स्थान अभय राय (सेंट एंजेल पब्लिक स्कूल) को प्राप्त हुआ।

सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान किए गए। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी 13 नवंबर 2025 को शहडोल संभाग में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते ने युवाओं से समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में आत्मविश्वास और टीम भावना को बढ़ाते हैं।

युवा उत्सव कार्यक्रम में चेतराम अहिरवार, आरती सोंधिया, संतोषी परस्ते, लक्ष्मी बनावल, सुनीता धुर्वे, रोशन बाबू झारिया, राजकुमार, नेहरू युवा केंद्र से आर.पी. कुशवाहा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी ए.के. प्रणव, डॉ. पार्वती कुशराम, आभा बोरकर, विधि तिवारी, डॉ. बिजलेश धुर्वे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आयोजित मड़ई कार्यक्रम में सहभागिता

**गोटेगाँव।** विधानसभा के मुंगवानी मंडल अंतर्गत ग्राम पांजरा में आज आयोजित मड़ई कार्यक्रम में सहभागिता हुई। कार्यक्रम में श्री महेन्द्र नागेश जी विधायक गोटेगाँव मंडल अध्यक्ष नीलेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुर सिंह पटैल, मंडल महामंत्री हेमराज यादव सहित कार्यकर्ता साथी एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वातावरण उत्साहपूर्ण रहा और ग्रामवासियों ने पारंपरिक आतिथ्य से सभी का स्वागत किया

### शुभम एवं अनुज निर्वाचित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** युवा कांग्रेस संगठन चुनाव में नरसिंहपुर विधानसभा अध्यक्ष पद पर शुभम ठाकुर, तेंदुखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष पद पर अनुज कौरव ने विजय श्री प्राप्त की। अपने निर्वाचन पर दोनों ने कहा कि युवा साथियों ने उन पर जो भरोसा जताया है उसे भी बनाए रखेंगे। वहीं नरसिंहपुर के युवा साथियों ने कांग्रेस कार्यालय पहुच कर दोनों साथियों का स्वगत किया मिठाइ खिलाई जिसमें सभी युवा कांग्रेस साथी उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र बाटकर बांटी खुशियां



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नरसिंह आनंद क्लब नरसिंहपुर की ओर से जरूरतमंदों के बीच ऊनी वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गरीब एवं असहाय लोगों को स्वेटर, शॉल, ऊनी वस्त्र और सामान्य वस्त्र वितरित किए गए।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग को ठंड से बचाव हेतु सहायता प्रदान करना था। वितरण के दौरान आनंदको ने प्रत्येक लाभार्थी को ससम्मान वस्त्र प्रदान किए और उनसे आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा भी दी। नरसिंह आनंद क्लब की अध्यक्ष एवं मास्टर ट्रेनर मुक्ति प्रमुख ने कहा कि "सच्ची सेवा वही है, जो दूसरों के जीवन में राहत और मुस्कान लाए।"मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र चंदेल ने वृद्धो को ऊनी वस्त्र देते हुए कहा कि उनके चेहरे की मुस्कान ने आत्मिक शांति प्रदान की। मास्टर ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा ने लोगों को आनंद विभाग की गतिविधियों से परिचित कराया और आनंद विभाग किस तरह समाज में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है और लोगों को आनंदित करने का काम कर रहा है, इस पर चर्चा की। कार्यक्रम में आनंदक,श्रीगीता निकुंज परिवार के संस्थापक शशिकांत मिश्र ने कहा कि मदद से बढ़कर इस संसार में और कोई दूसरा काम नहीं है, प्रत्येक मनुष्य को यथा योग्य लोगों की सहायता करनी चाहिए। कार्यक्रम में आनंदक रमेश कुमार साहू, श्रवण कुमार साहू , अशोक नेमा, राजा साहू, कमल सिंह राजपूत ,राजेश लखेरा, राम साहू आदि की उपस्थिती एवं सहभागिता सराहनीय रही।

### जनसुनवाई में आये 130 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 130 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया। जनसुनवाई में दीपक को वैशाखी और मुन्नी बाई साहू को कान की मशीन प्रदान की गई।

## प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों पर भी प्रश्न चिन्ह

# खरपतवार की तरह पनप रहे निजी स्कूल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।







सरकार द्वारा बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए संकल्पित है जिसे लेकर सरकारी के साथ निजी स्कूलों को भी मान्यता देकर उचित शिक्षा दी जाने के बात कही जाती है लेकिन प्रशासन में बैठे जिम्मेदार अधिकारी सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने का काम कर रहे है। आए दिन खरपतवार की तरह पनप रहे निजी स्कूलों को नियमों के विपरीत होने के उपरांत भी स्कूल संचालन की अनुमति प्रदान कर दी जाती है। जिले मे ऐसे दर्जनों स्कूल है जिसमे उचित व्यवस्थाएं नही है और उन्हे स्कूल संचालन की अनुमति दी गई है। जो पूरी तरह नियम विरूद्ध है प्रशासन को चाहिए कि जिले के स्कूलों की जांच कर कार्रवाई की जाएं।

### नियमों की खुलेआम हो रही अनदेखी

जिले मे शिक्षा विभाग के मध्यप्रदेश निजी विद्यालय मान्यता एवं संचालन नियम 2017 के अनुसार, किसी भी निजी विद्यालय को निम्न सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना आवश्यक है ,स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण, खेल मैदान एवं पुस्तकालय, कंप्यूटर एवं प्रयोगशाला की अलग व्यवस्था, डी.एड/बी.एड प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति, विद्यार्थियों के लिए परमिट युक्त परिवहन वाहन, आपात स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा सुविधाकिंतु जमीनी हकीकत यह है कि अधिकांश विद्यालयों में इनमें से कोई भी सुविधा मौजूद नहीं है। कई स्कूल तो केवल कागजों में ही इन मानकों का अनुपालन दिखाकर मान्यता प्राप्त कर लेते हैं।

### भवनों की हो जांच

ग्रामीण अंचलों में संचालित निजी स्कूलों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है, किंतु अब यही स्थिति शहरी क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है। शिक्षा विभाग की उदासीनता के कारण नगरों में भी बिना मानक और संसाधनों के निजी स्कूल खरपतवार की तरह पनप रहे हैं। हैरत की बात यह है कि विभाग द्वारा निर्धारित नियम-कायदों का पालन तक नहीं हो रहा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में संचालित कुछ निजी स्कूल बिना स्वामित्व वाले भवनों में चल रहे हैं। ये विद्यालय किराए की दुकानों या छोटे-छोटे भवनों में संचालित हैं, जिनका हर वर्ष ठिकाना बदल जाता है। जैसे ही किराया बढ़ता है, विद्यालय संचालक नया स्थान तलाश कर वहां शिफ्ट हो जाते हैं। इस निरंतर स्थान परिवर्तन से बच्चों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है।

### निरीक्षण प्रक्रिया पर उठे रहे सवाल

शिक्षा विभाग में पदस्थ बीईओ और बीआरसी अधिकारियों द्वारा हर वर्ष विद्यालयों का भौतिक निरीक्षण किया जाना आवश्यक है। शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार, मान्यता का नवीनीकरण इसी निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर किया जाता है। फिर प्रश्न यह उठता है कि जब अधिकांश स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं तक नहीं हैं, तो आखिर इन्हें मान्यता किन मापदंडों पर प्रदान की जा रही है सूत्र बताते हैं कि अनेक निजी विद्यालय हर वर्ष अपना कोर्स बदल देते हैं। इससे अभिभावकों को नए पाठ्यक्रम पर हजारों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। विद्यालय संचालक अपने द्वारा निर्धारित कोर्स निजी दुकानों पर रखवाते हैं और दुकानदारों को कमीशन देकर विक्रय कराते हैं। यही स्थिति गणवेश विक्रय की भी है, स्कूल प्रबंधन द्वारा निर्धारित दुकानों से ही गणवेश क्रय करने के लिए अभिभावकों पर दबाव बनाया जाता है। शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2021 में इस संबंध में स्पष्ट आदेश जारी किए गए थे कि कोई भी विद्यालय कोर्स और गणवेश पर व्यावसायिक दबाव नहीं बनाएगा, किंतु अधिकारियों और स्कूल संचालकों की मिलीभगत से यह गोरखधंधा आज भी जारी है। अधिकांश निजी विद्यालयों में न तो खेल मैदान है, न ही पुस्तकालय। ये स्कूल किराए की दुकानों और कमरों में संचालित होकर शिक्षा विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो कई स्कूलों में शिक्षकों के पास डी.एड या बी.एड की डिग्री तक नहीं है, फिर भी उन्हें केवल 2 से 3 हजार रुपये मासिक वेतन पर रखा गया है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर गहरा असर पड़ रहा है।

# जिला स्तर युवा उत्सव का शुभारंभ, प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।




मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के निर्देशानुसार एम. आई. एम. टी. कालेज नरसिंहपुर में अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने गायन-वादन एवं ललित कला विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम डॉ. आर. बी. सिंह प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के मुख्य आतिथ्य, इंजी रूद्रेश तिवारी चेयरमेन एम.आई.एम.टी. कॉलेज की अध्यक्षता तथा एल. एन. रजक प्रभारी प्राचार्य शासकीय महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर के विशिष्ट आतिथ्य एवं डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य एम.आई.एम.टी. कॉलेज की उपस्थिति में किया गया। अतिथियों द्वारा युवा उत्सव को युवाओं की प्रतिभा निखारने का श्रेष्ठ माध्यम बताते हुये देश की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाने का साधन निरूपित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया। राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर युवा उत्सव का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत गायन से किया गया। 1 एम.पी. बटालियन एन.सी.सी. जबलपुर के सूबेदार रतन सिंह एवं एन.सी.सी. केडिट्स तथा रासेयो स्वयंसेवको के साथ श्रीमती कामनी दुबे संगीत शिक्षक चावरा विद्यापीठ नरसिंहपुर द्वारा राष्ट्रीय गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी मेजर डॉ. पराग नेमा एवं आभार श्रीमती आराधना दुबे द्वारा दिया गया। निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन सुमित दुबे, नरेन्द्र रावल, नारायण सोनी, श्रीमती अनुपमा लूनावत, श्रीमती वंदना नेमा एवं श्रीमती दीपिका मालवीय द्वारा किया गया। युवा उत्सव के तहत चयनित प्रतिभागी विश्वविद्यालय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# पत्रकारों की मांगों को लेकर रैली निकालकर सौंपा 6 सूत्रीय ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई ने बीते दिवस अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर पत्रकार जनसंवाद केंद्र से प्रर्दशन रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम एक स्मरण पत्र प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष बालमुकुंद विनोद कोरी के नेतृत्व में कलेक्टर रजनी सिंह को सौंपा। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ पदाधिकारियों ने बताया कि ज्ञापन में पत्रकारों के हितों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं। इनमें मान्यता प्राप्त पत्रकारों को सुविधाएं प्रदान करना, असंगठित पत्रकारों के लिए सुरक्षा कवरेज, पत्रकार कल्याण कोष की राशि में वृद्धि, जिले में मीडिया सेंटर की स्थापना, पत्रकार भवन का निर्माण एवं राज्य स्तर पर पत्रकार सुरक्षा कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने जैसी मांगें प्रमुख हैं। कलेक्टर रजनी सिंह ने संघ की मांगों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि ज्ञापन को शासन स्तर पर भेजा जाएगा और संबंधित विभागों से समुचित कार्रवाई के लिए अनुशंसा की जाएगी। इस अवसर पर संघ के प्रतिनिधि मंडल में संभागीय पदाधिकारी जिला महासचिव जिला उपाध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।



# कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रथ यात्रा को रवाना

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस के तहत जिले में 15 नवंबर तक पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, रामस्नेही पाठक ने मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर रथ का शुभारंभ किया। रथ के साथ अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास और अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास नरसिंहपुर की छात्राओं ने कलश यात्रा निकाली। यह रथ पोस्ट मेट्रिक कन्या छात्रावास से प्रारंभ होकर मुशरान पार्क चैराहा होते हुए वापस पोस्ट मेट्रिक कन्या छात्रावास में समाप्त हुई। इस अवसर पर जिला संयोजक डॉ. प्रियंका राय, क्षेत्रीय संयोजक सुश्री निधि नेमा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वक, अधीक्षण यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों ने इस यात्रा में सहभागिता की।

# मनचले ढंग से जहां तहां खड़े करते हैं वाहन

### आवागमन होता है बाधित

तेंदूखेड़ा

इन दिनों तेंदूखेड़ा में मनचले ढंग से बाहन खड़े होना आवागमन को बाधित कर रहा है। और लंबें समय तक मुख्य सड़क मार्गों पर जाम लगना आम बात हो गई है। नगर के पुराने बस स्टैंड से मंडी रोड डोभी सड़क मार्ग पर वाहनों का सर्वाधिक दबाव के साथ आवागमन हुआ करता है। वहीं इन मार्गों पर लोगों द्वारा अपने बाहन खड़े करके जाना आदत में शामिल हो गया है।इस व्यवस्था से जहां पैदल जाने आने वालों को परेशानी हुआ करती है वहीं बाहन चालकों के बीच कहासुनी भी देखने को मिला करती है। दुकानों के सामने ग्राहक वर्ग अपनी मोटरसाइकिलों को भी अपने मनमाफिक तरीके से रख दिया करते हैं। और जब तक सामग्री नहीं खरीद लेते तब तक मोटरसाइकिल वहीं खड़ी रहती है।चार पहिया वाहनों के साथ भारी बाहनों को निकलने में परेशानी हुआ करती है।



### *यात्री वाहनों में स्कूली छात्रों के साथ अभद्रता*

तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा में प्रतिदिन 10 से 25 किलोमीटर दूर से सैकड़ों छात्र छात्राएं स्कूलों और कॉलेजों का समय मिलाने के लिए विभिन्न टाइमिंग बसों से आवागमन किया करतें हैं। लेकिन जब उक्त बच्चे इन टाइमिंग बसों के माध्यम से आते हैं तब बस कन्डेक्टर और क्लीनरों द्वारा बच्चों से अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया जाता है। हालांकि छात्र छात्राएं किराया देकर ही आवागमन किया करते हैं। स्कूल और कॉलेज का समय मिलाना और शाम को समय से वापस घर जाना भी इनकी मजबूरी बनीं हुई है। चूंकि कुछ बसें ही इस मार्ग पर स्कूल के समय पर ही आती हैं।इसके बाद एक से दो घंटे का अंतराल बना हुआ है।यही स्थिति शाम के समय की बनीं हुई है। छात्रों ने अपनी पीड़ा स्कूल प्रबंधन के साथ साथ पालकों के सामने भी रखीं हैं।

### *ब्रिज पर छोड़कर चलें जाते हैं सवारियों को*

हमारे प्रतिनिधि को ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों ने बताया कि सिदगुवां के समीप शुगर मिल के समीप बिलगवां और देवरी में ओवर ब्रिज के ऊपर से यात्रि बसों का आवागमन हुआ करता है। और बसें ओवर ब्रिज के दोनों छोर पर सवारी उतारकर चले जाते हैं। यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से बैठनें की कोई उचित व्यवस्था नहीं हुआ करती है । दोनों तरफ काफ़ी लंबा फासला गांवों को जाने के लिए हुआ करता है।बरसात और गर्मी के दिनों में छोटे छोटे बच्चों वृद्ध महिला पुरुषों को सामान लेकर स्कूल के बच्चों खासकर हायरसेकंडरी स्कूल कॉलेज की बेटियों जो रोज तेंदूखेड़ा आना जाना करते हैं ।कोने में सुनसान जगह पर उतरकर आधा किलोमीटर चलकर जाना पड़ता है जिससे किसी अनहोनी घटना होने का अंदेशा पालकों को बना रहता है।

# मां रेवा समिति की भव्य महाआरती: गोटेगांव में नर्मदा की अनंत आभा







गोटेगांव

झांसी घाट पर हर शाम *मां रेवा समिति* के सदस्यों द्वारा आयोजित *भव्य महाआरती* श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक अनुभव का केंद्र बन चुकी है। सायं 7 बजे, जब सूरज की किरणें नर्मदा में समाती हैं, घाट ₹जय नर्मदे हर₹ के जयघोष से गूंज उठता है। *क्या खास है इस आयोजन में? *आरती का दिव्य स्वरूप*: - दीपों की झिलमिलाहट, शंख-घंटियों की ध्वनि, और भजन-संकीर्तन का मेल। - मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम। - बड़ी संख्या में श्रद्धालु, भक्तगण और नर्मदा प्रेमी शामिल होते हैं।समिति का उद्देश्य*: - *नर्मदा की आस्था*: मां नर्मदा की पूजा और संरक्षण। - *सांस्कृतिक धरोहर*: स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का संवर्धन। - *पर्यावरण जागरूकता*: नर्मदा तट की स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखना। -आरती में शामिल हों*: शाम 7 बजे झांसी घाट, गोटेगांव पहुंचें।-सहयोग करें*: समिति के कार्यों में भाग लें या दान दें।संस्कृति को आगे बढ़ाएं*: अपने परिवार और दोस्तों को इस आध्यात्मिक आयोजन से जोड़ें।समिति का संदेश _₹नर्मदा की पूजा सिर्फ एक आरती नहीं, बल्कि जीवनदायिनी शक्ति का सम्मान है। हम इसे और भव्य बनाएंगे, घाट को संस्कृति और भक्ति का केंद्र बनाएंगे।₹_झांसी घाट, गोटेगांव (नर्मदा तट)*समय:* प्रतिदिन सायं 7:00 बजे*नर्मदे हर जय मां नर्मदा!* आप इस दिव्य आयोजन में शामिल होना चाहते हैं या समिति के साथ जुड़ना चाहते हैं? आपकी उपस्थिति मां नर्मदा की आभा को और बढ़ाएगी!